राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

मासिक रिपोर्ट – मई 2024

एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ। परियोजना 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण हुई और मार्च 2024 में अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुई। शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर स्थापना का कार्य संचालन और रखरखाव चरण के अंतर्गत प्रगति पर है।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 28 मई 2024 को निदेशक NPMU व ISGAN कार्यकारी समिति उपाध्यक्ष ने ISGAN द्वारा आयोजित लाइटहाउस परियोजना कार्यशाला में राष्ट्रीय ऊर्जा नीति निर्माता की भूमिका पर मुख्य प्रस्तुति दी।
2. 8 मई 2024 को निदेशक NPMU ने ऊर्जा दक्षता, स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा बाजारों पर आधारित भारत-यूरोपीय संघ संयुक्त कार्य समूह (JWG) की बैठक में भाग लिया।
3. 7 मई 2024 को निदेशक NPMU ने 'स्मार्ट ग्रिड वेधशाला (SGO) – भारत' के अंतर्गत आयोजित दूसरी उच्च स्तरीय विशेषज्ञ पैनल की बैठक में भाग लिया। 20 मई 2024 को NSGM व FSR Global के मध्य SGO गतिविधियों पर बैठक आयोजित की हुई।
4. निदेशक NPMU ने राजस्थान में सौभाग्य योजना के कार्यान्वयन के आरोपों पर चर्चा हेतु विद्युत मंत्रालय द्वारा की गई आभसी बैठक में भाग लिया।
5. 21 मई 2024 को मुख्य महाप्रबंधक, NPMU और मुख्य प्रबंधक, NPMU ने स्मार्ट वितरण के तहत नोएडा में विद्युत बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए PVVNL, नोएडा कार्यालय का दौरा किया।
6. 28 मई 2024 को निदेशक NPMU ने बिजली कम्पनियों और अन्य प्रमुख हितधारकों के लिए पावरलाइन द्वारा आयोजित 'भारत में मीटरिंग' कार्यशाला में NSGM के तहत स्मार्ट ग्रिड और स्मार्ट मीटरिंग पर प्रस्तुति दी।
7. मई 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 1.11 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों जैसे PFC और REC से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

sd/-

निदेशक, NPMU (प्रभारी)
dir.npmu.nsgm@gov.in